# मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 10/12/ 2022 को आर० बी० डी०महिला महाविद्यालय बिजनौर में प्राचार्या प्रो० पारुल त्यागी जी के मार्गदर्शन में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग एवं एन. एस. एस . के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया I कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती दयावती देवी ने छात्राओं को बताया कि मानवाधिकार की शुरुआत कैसे हुई साथ ही उन्होंने मानवाधिकार को परिभाषित किया तथा उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया I एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी तथा हिंदी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० शारदा द्विवेदी द्वारा पुरुष प्रधान समाज पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकार को मानवाधिकार के साथ जोड़ते हुए उनके व्यावहारिक प्रयोग पर बल दिया तथा सभी छात्राओं को जागरूक किया I उन्होंने बताया कि मानव धर्म हमारे लिए किसी भी धर्म और जाति से बढ़कर है I समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० अनु द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मानव अधिकारों के हनन पर और उनके लिए आवाज उठाने वाली संस्था यू०एन०ओ० पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ अल्पना सिंह द्वारा मानवाधिकार तथा मूल अधिकारों के अंतर को विस्तार पूर्वक बताया। एनएसएस प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ० नीरू द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया I कार्यक्रम में उपस्थित हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी वर्षा ने छात्राओं बताया कि सभी को अपने मानवाधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया गया I इस विचार गोष्ठी में महाविद्यालय की अन्य विभागों की प्रवक्तायें भी उपस्थित रही I









# महिला सुरक्षा कानून के प्रति जागरूकता कार्यक्रम
# ( विशाखा गाइड लाइन के विशेष संदर्भ में)

दिनांक 27/05/2023 को आर बी डी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में प्राचार्या डॉ पारुल त्यागी जी के मार्गदर्शन में महिला उत्पीड़न एवं शिकायत निवारण समिति के द्वारा महिला सुरक्षा कानून (विशाखा गाइडलाइन) से संबंधित एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया I आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला समाज कल्याण विभाग की जिला समन्वयक अधिकारी डॉ फरहीन खान रही I कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या जी एवं डॉ फरहीन जी के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया I तत्पश्चात समिति की सदस्य एवं राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मृदुल रानी के द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर फरहीन जी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया I कार्यक्रम का संचालन समिति की समन्वयक दयावती देवी द्वारा सभी को संबोधित करते हुए सबका स्वागत किया गया I व्याख्यान कार्यक्रम की अतिथि श्रीमती फरहीन खान द्वारा महिला सुरक्षा कानून से संबंधित विशाखा गाइडलाइन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उसके मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया I विशाखा गाइडलाइन के अंतर्गत बताते हुए उन्होंने उनके मुख्य बिंदुओं जैसे की किसी महिला को गलत तरीके से छूना, अश्लील टिप्पणी करना, अश्लील चुटकुले सुनाना या भेजना इन यह यौंन अपराध की श्रेणी के अंतर्गत आने और उससे जुड़े सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया I इसके अतिरिक्त उन्होंने महिलाओं से जुड़े विभिन्न कानूनों जैसे कि घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल उत्पीड़न के खिलाफ अधिनियम, निशुल्क कानूनी सहायता अधिनियम, राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया I साथ ही महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे कि पुलिस सहायता नंबर, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर पर विशेष रूप से चर्चा की गई I छात्राओं को महिला मिशन शक्ति के अंतर्गत राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही महिलाओं के विकास हेतु योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी छात्राओं को वितरित किए गएI छात्राओं के द्वारा महिला सुरक्षा कानून से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए गए I कार्यक्रम के समापन में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया I कार्यक्रम में समिति के सदस्य डॉ मृदुल ,डॉ आबिदा, कु० वर्षा, डॉ सीमा चौधरी डॉ मनीषा शर्मा उपस्थित रही तथा महाविद्यालय की अन्य पर प्रवक्ता यें भी उपस्थित रही I







# महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में 'महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया

आज दिनांक 12 मार्च 2023 को रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शारदा द्विवेदी के नेतृत्व में शिविर स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय दीपावाला गांव में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया । सर्वप्रथम स्वयं सेविकाओंद्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई की गई। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक प्रार्थना साथ के साथ किया गया। प्रथम सत्र में 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर आमंत्रित मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर दयावती देवी के द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को बताया कि जागरूकता ही आपको सशक्त बनाएगी । अतः आपको हर समय जागरूक रहना चाहिए ।साथ ही उन्होंने छात्राओं को परिश्रमपूर्वक पढ़ाई करने एवं भविष्य में सफल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शारदा द्विवेदी ने छात्राओं को सशक्त बनने के साथ-साथ अनुशासित बने रहने की अपील की क्योंकि बिना अनुशासन कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफल नहीं हो सकता। राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अल्पना सिंह के द्वारा महिला सशक्तिकरण के आर्थिक पक्ष पर प्रकाश डाला गया। दोपहर भोजनावकाश के उपरांत स्वयं सेविकाओं के द्वारा गांव में जन - जागरूकता रैली के माध्यम से गांव के लोगों को महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया।







